**पुष्कर सिंह धामी**

मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सचिवालय
देहरादून – 248001
फोन : 0135-2650433
0135-2716262
फैक्स : 0135-2712827
कैम्प कार्यालय
फोन : 0135-2750033
0135-2750344
फैक्स : 0135-2752144

**अर्द्धशासकीय पत्र संख्या- 102 / 51 / XXVI-A-1/2023**
**देहरादून, दिनांकः 21 फरवरी, 2024**

**कृपया अवगत कराना है कि,** कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा, केन्द्र / राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी, स्वरोजगार / रोजगारपरक, कौशल विकास / शिक्षण / प्रशिक्षणपरक, निवेशपरक योजनाओं / नीतियों को संकलित कर, **''मेरी योजना'' पुस्तक** तैयार की है। पुस्तक में कुल 55 विभागों की लगभग 400 योजनाओं / सेवाओं का उल्लेख 4 भागों (योजना का नाम, लाभ, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं चयन प्रक्रिया) में किया गया है, ताकि राज्य के अंतिम पात्र लाभार्थी तक, समस्त योजनाओं एवं योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया की जानकारी एक ही पुस्तक से प्राप्त हो सके। पुस्तक की पीडीएफ प्रति आमजन निःशुल्क वैबसाइट (https://uk.gov.in) एवं राज्य के समस्त विभागों की वैबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

अतः राज्य में प्रथम बार प्रकाशित **''मेरी योजना''** पुस्तक इस आशा, विश्वास एवं अनुरोध के साथ सप्रेम भेंट की जा रही है कि **''सर्वश्रेष्ठ राज्य''** के निर्माण हेतु, आप इस पुस्तक में उल्लिखित योजनाओं, नीतियों, कार्यक्रमों, सेवाओं, को अपने जिला पंचायत क्षेत्र के प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक, पहुंचाने में सहयोग करेंगे और उत्तराखण्ड राज्य को **''सर्वश्रेष्ठ उत्तराखण्ड''** बनाने में उत्कृष्ठ योगदान देंगे।

**संलग्न : ''मेरी योजना'' पुस्तक।**

भवदीय,

(पुष्कर सिंह धामी)

श्री / श्रीमती..................
जिला पंचायत अध्यक्ष,
................................
उत्तराखण्ड।